# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

09 नवंबर 2023, गुरुवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के जशपुर, पत्थलगाँव, कुनकुरी और चंद्रपुर विधानसभाओं में आयोजित जन सभाओं एवं रथ सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है और अब यह निश्चित है कि यहाँ भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है**

*****************

**छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा भूपेश बघेल के भ्रष्टाचार के किस्से जानता है और इसीलिए ये वाक्य बहुत लोकप्रिय हो गया है कि 'सट्टे पे सट्टा कौन कर रहा है...भूपेश कका'**

*****************

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं पार कर दी हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त इस सरकार ने तो भगवान 'महादेव' के नाम को भी नहीं छोड़ा**

*****************

**भूपेश बघेल सरकार ने महादेव के नाम से जुआ खिलाने का काम किया**

*****************

**मोदी जी के नेतृत्व में चांद पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग हुई और लैंडिंग बिंदु का नाम 'शिव-शक्ति पॉइंट' रखा, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने भगवान महादेव का नाम भी सट्टा (महादेव बेटिंग एप) लगाने जैसे गलत कामों से जोड़ दिया**

*****************

**कांग्रेस के राज में छत्तीसगढ़ धर्म परिवर्तन का अड्डा बन गया है। भाजपा सरकार के आने के बाद किसी को भी जबरदस्ती धर्मपरिवर्तन नहीं करना पड़ेगा**

*****************

**70 सालों से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका रही थी, अटका रही थी, भटका रही थी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 22 जनवरी को भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ़्त में अयोध्या दर्शन कराया जाएगा**

*****************

**छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने पर हर किसान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान को ₹3,100 प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। हर विवाहित महिला को ₹12 हजार सालाना दिए जाएंगे। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छत्तीसगढ़ में ₹12,000 की अतिरिक्त आर्थिक सहायता दी जायेगी**

*****************

**छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने पर पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख नए घर बनाए जाएंगे। तेंदुपत्ता संग्रहण की दर को बढ़ाकर ₹5,500 प्रति मानक बोरा किया जाएगा। चरण पादुका योजना पुनः लागू की जायेगी। अतिरिक्त संग्रहण करने वालों को बोनस मिलेगा। ₹500 में गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जाएगा**

*********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज गुरूवार को छत्तीसगढ़ में कई जनसभाओं एवं रथ सभाओं को संबोधित किया। सबसे पहले उन्होंने जशपुर विधानसभा के बागीचा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने जशपुर विधान सभा के ही महादेव दाद और पाथल गाँव के कन्साबेल में रथ सभाओं को संबोधित किया। तत्पश्चात उन्होंने कुनकुरी विधानसभा के कन्डोरा मैदान और चंद्रपुर विधानसभा के डभरा में आयोजित विशाल चुनावी रैलियों को भी संबोधित किया। उन्होंने इसके पश्चात रायगढ़ विधानसभा में कबीर चौक से कोतरा रोड थाना एक भव्य रोड शो भी किया। श्री शाह ने जनसभाओं एवं रथ सभाओं में जनता से कांग्रेस की भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली बघेल सरकार को उखाड़ फेंकते हुए विकास के प्रति समर्पित भाजपा की डबल इंजन वाली जन हितैषी सरकार बनाने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि **छत्तीसगढ़ में पहले चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है**। **पहले चरण में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है और निश्चित हो गया कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार आने वाली है।** उन्होंने छत्तीसगढ़ को प्रभु श्रीराम का ननिहाल बताते हुए कहा कि **70 सालों से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका रही थी, अटका रही थी, भटका रही थी।** लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मंदिर का भूमिपूजन किया और अब 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी करने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर बीपीएल कार्ड धारकों को को भाजपा सरकार मुफ़्त में अयोध्या दर्शन कराएगी। **मैं जब भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष था, तब राहुल बाबा रोज ताने मारते थे कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। आज इस मंच से राहुल गांधी को कहना चाहता हूं कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान होने वाले हैं।** भले ही कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के दर्शन करने न जाए किंतु भाजपा यहाँ के सभी बीपीएल कार्ड धारियों को राम लला के दर्शन अवश्य कराएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस सरकार की पोल खोलते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में अंधाधुंध धर्म-परिवर्तन हुआ करते थे। भाजपा छत्तीसगढ़ के लोगों को आश्वस्त कराती है कि **आने वाले समय में किसी भी आदवासी भाई-बहन को धर्म-परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।** उन्होंने कहा कि पिछले **5 वर्षों में कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने केवल और केवल भ्रष्टाचार किया।** एक ओर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चांद पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग हुई और लैंडिंग बिंदु का नाम 'शिव-शक्ति पॉइंट' रखा गया,** वहीं दूसरी ओर **कांग्रेस नेताओं ने भगवान महादेव का नाम भी सट्टा (महादेव बेटिंग एप) लगाने जैसे गलत कामों से जोड़ दिया**। कांग्रेस की बघेल सरकार ने चावल वितरण, कोरोना राहत सामग्री, पीएम आवास योजना - सब जगह घोटाला किया। छत्तीसगढ़ का छोटा बच्चा भी भूपेश बघेल के भ्रष्टाचार के किस्से जानता है और इसीलिए ये वाक्य बहुत लोकप्रिय हो गया है कि **'सत्ते पे सट्टा, कौन कर रहा है? 'भूपेश कक्का' कर रहा है**!

श्री शाह ने छत्तीसगढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में **'कृषि उन्नति योजना'** का उल्लेख करते हुए कहा कि **राज्य में भाजपा की सरकार आने पर प्रत्येक किसान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान को ₹3,100 प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा।** भूपेश बघेल सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को मुआवजा देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने यह तय किया है कि **हर विवाहित महिला को ₹12 हजार सालाना दिए जाएंगे।** किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि में केंद्र सरकार की ओर से मिल रहे सालाना ₹6,000 की आर्थिक सहायता के अतिरिक्त किसानों को सालाना ₹6,000 की अतिरिक्त आर्थिक सहायता दी जायेगी। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जो घर आवंटित किये थे, उसे बघेल सरकार ने बनने नहीं दिया। किन्तु राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद **प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए घर बनाए जाएंगे।** वर्तमान छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार में तेंदुपत्ता संग्रहण से जुड़े आदिवासी भाई-बहनों के साथ बहुत अन्याय देखने को मिले हैं। **राज्य में**

**भाजपा की सरकार आने पर तेंदुपत्ता संग्रहण की दर को बढ़ाकर ₹5,500 प्रति मानक बोरा सुनिश्चित किया जाएगा**। भाजपा सरकार तेंदुपत्ता संग्रहण प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित करेगी। इसके लिए सरकार **चरण पादुका योजना को पुनः लागू करेगी और अतिरिक्त संग्रहण करने वालों को ₹4,500 का बोनस के तौर पर देने का कार्य करेगी।** उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के आने के बाद **माताओं- बहनों को ₹500 में गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जाएगा**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हुए कहा कि **राज्य में भाजपा-सरकार बनते ही हजारों-करोड़ों रुपयों के भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय आयोग का गठन किया जाएगा और आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सभी भ्रष्टाचारियों को क़ानून के दायरे में उनके उचित स्थान जेल भेजने का कार्य किया जायेगा।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद से राज्य के विकास के लिए नए उद्योग लगाए जाएंगे, जिसके द्वारा अनेक लोगों को रोजगार मिलना संभव होगा। इसके साथ ही, **राज्य के 1 लाख सरकारी पदों पर समयबद्ध तरीके से नियुक्ति कराई जाएगी।**

श्री शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि सोनिया-मनमोहन की **सरकार में पाकिस्तान से आये दिन आलिया, मालिया, जमालिया देश में प्रवेश कर जाते थे और बम धमाके कर पाकिस्तान चले जाते थे और कांग्रेस की सरकार चुप रहती थी।** परंतु, मोदी जी के समय में उरी और पुलवामा हमलें में पाकिस्तान से आए आतंकवादी भूल गए थे कि अब सरकार बदल चुकी है। उरी और पुलवामा में आतंकी हमले के **10 दिन के भीतर ही सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों की धज्जियां उड़ाने का काम हमारी सेना के वीर जवानों ने किया था**। छत्तीसगढ़ नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, और कई आदिवासी क्षेत्र अब भी नक्सलवाद से प्रभावित हैं **लेकिन, भाजपा की डबल इंजन सरकार आते ही, राज्य में 5 साल के भीतर नक्सलवाद को जड़ से खत्म किया जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हर गरीब को मुफ्त ₹5 लाख तक के स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं। भाजपा ने यह तय किया है कि अब **₹5 लाख स्वास्थ्य सेवा राशि को जरूरत पड़ने पर बढ़ाकर ₹10 लाख तक किया जाएगा**। मोदी जी ने प्रत्येक गरीब व्यक्ति को प्रति माह 5 किलो धान देने का काम किया है जिससे किसी गरीब को देश में भूखा सोने के लिए विवश न होने पड़े। भाजपा की सरकार ने यह भी तय किया है कि अगले **5 साल तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5 किलो अनाज मुफ्त में ही दिया जाएगा**। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने हर गरीब के घर में शौचालय बनवाए, बिजली पहुंचाई और अब 18 लाख लोग जो प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए थे, उनको भी राज्य में घर देने का काम भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार करेगी।**

श्री शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने कभी भी आदिवासियों का सम्मान नहीं किया**, **जबकि भारतीय जनता पार्टी ने ओडिशा के गरीब घर की आदिवासी बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को देश के राष्ट्रपति पद पर सुशोभित कर आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी 'गौरव दिवस' मनाने का संकल्प किया और पूरे देश में बसे हुए 8 करोड़ से ज्यादा आदिवासी भाइयों और बहनों को सम्मानित किया।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूल बनवाए, आदिवासी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की और आदिवासी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय बनाने का काम किया। कांग्रेस के कार्यकाल में **आदिवासी कल्याण बजट** जो **₹29 हजार करोड़ था, उसे बढ़ाकर ₹1 लाख 24 हजार करोड़** करने का उत्तम कार्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने करके दिखाया। श्री शाह ने सभी माताओं- बहनों से निवेदन किया कि आप सब **महतारी वंदन योजना का पर्चा भरें, इसके तहत प्रत्येक माताओं-बहनों के बैंक खाते में प्रति वर्ष ₹12,000 जमा किये जाएंगे**। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि 2024 में आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। आप सभी भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाएं और छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनाएं ताकि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर हो सके।

******************************